Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 02 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 305

चंदखुरी, गिरौदपुरी और सोनाखान का बदलेगा नाम : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिए निर्देश

माता कौशल्याधाम चंदखुरी, बाबा गुरू घासीदास धाम गिरौदपुरी और शहीद वीरनारायण सिंह धाम सोनाखान होगा नया नाम

- जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग लंबे समय से कर रहे थे मांग
- जनभावनाओं को देखते हुए राज्य शासन ने लिया निर्णय

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के महापुरूषों तथा आस्था के केंद्रों को जनभावनाओं के अनुरूप नई पहचान देने के लिए प्रदेश के तीन स्थानों चंदखुरी, गिरौदपुरी और सोनाखान का नाम बदलने के निर्देश दिए है। अब चंदखुरी को माता कौशल्याधाम चंदखुरी, गिरौदपुरी को बाबा गुरू घासीदास धाम गिरौदपुरी और सोनाखान को शहीद वीरनारायण सिंह धाम सोनाखान के नाम से जाना जाएगा। अनेक जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग लंबे समय से इन स्थानों का नाम बदलने की मांग कर रहे थे। राज्य शासन द्वारा शीघ्र ही राजपत्र में इन तीनों स्थानों के नए नामकरण संबंधी अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा।

संसदीय सचिव सर्व चंद्रदेव राय, गुरूदयाल सिंह बंजारे, इंद्रशाह मंडावी, यू.डी. मिंज तथा विधायक सर्व बृहस्पत सिंह, गुलाब सिंह कमरो और डॉ. विनय जायसवाल ने आज मुख्यमंत्री से जनभावनाओं के अनुरूप गिरौदपुरी और सोनाखान का नाम बदलने का आग्रह करते हुए इस संबंध में अपना पत्र सौंपा था। छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजे डॉ. महंत रामसुंदर दास ने भी जनआस्था को देखते हुए हरेली के दिन 28 जुलाई को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चंदखुरी का नाम माता कौशल्याधाम चंदखुरी करने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने इन मांगों पर त्वरित निर्णय लेते हुए इन स्थानों के नए नामकरण के निर्देश दिए हैं।

रायपुर से लगे चंदखुरी में विश्व का इकलौता कौशल्या मंदिर है। वहां माता कौशल्या के साथ भगवान राम अपने बालरूप में विराजे हैं। छत्तीसगढ़ को माता कौशल्या का मायका और राम का ननिहाल माना जाता है। राज्य शासन ने देश-प्रदेश के लाखों लोगों के श्रद्धा के केंद्र चंदखुरी को राम वन गमन पर्यटन परिपथ में शामिल कर वहां तालाब के बीच स्थित माता कौशल्या मंदिर का जीर्णोद्धार और तालाब का सौंदर्यीकरण कराया है। तालाब के पास ही भगवान राम की विशालकाय प्रतिमा भी स्थापित की गई है।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित गिरौदपुरी सतनाम पंथ के लाखों अनुयायियों की आस्था का केंद्र है। यह बाबा गुरू घासीदास की जन्मस्थली और तपोभूमि है। सतनाम समाज और स्थानीय लोग लंबे समय से गिरौदपुरी को बाबा गुरू घासीदास धाम गिरौदपुरी के नाम से प्रतिष्ठित करने की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आज उनकी यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी कर दी है।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में ही स्थित सोनाखान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तारी के बाद 10 दिसम्बर 1857 को उन्हें रायपुर के जयस्तंभ चौक में फांसी दे दी गई थी। सोनाखान में जन्मे बिंझवार जनजाति के शहीद वीरनारायण सिंह की वीरता और गरीबों के लिए संघर्ष को अक्षुण्य रखने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लंबे समय से सोनाखान का नाम उनके नाम से जोडऩे की मांग कर रहे थे। सोनाखान के शहीद वीरनारायण सिंह धाम सोनाखान के रूप में नए नामकरण से क्षेत्रवासियों और जनजाति समाज की पुरानी मांग पूरी हो रही है।

महत्वपूर्ण एवं खास

जबलपुर के अस्पताल में लगी भीषण आग, 8 लोगों की मौत

जबलपुर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के जबलपुर में एक निजी अस्पताल में आग लग गई है। बताया जा रहा है कि आग की घटना में अभी तक 8 लोगों की मौत हो गई है। अस्पताल में जैसे ही आग लगी वैसे ही हडक़ंप मच गया। देखते ही देखते आग ने पूरे अस्पताल को अपनी चपेट में ले लिया, जो लोग ऊपरी मंजिल पर थे, उन्होंने खिड़कियों से कूदकर जान बचाई, लेकिन, निचली मंजिल पर मौजूद लोग खुद को नहीं बचा सके। आग की खबर मिलते ही रेस्क्यू टीम और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घंटों की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम आग पर काबू पा सकी। इस हादसे के बाद राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिजनों के लिए 5-5 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। सीएम ने इस घटना में घायल हुए लोगों को लिए 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। इससे पहले सीएम ने इस हादसे पर दुख जताया था।

संजय राउत की गिरफ्तारी के बाद एक्शन में शिवसेना, उद्धव ठाकरे ने बुलाई अहम बैठक

नई दिल्ली (आरएनएस)। पात्रा चॉल जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने शिवसेना नेता संजय राउत को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर महाराष्ट्र की सियासत में उथल पुथल जारी है। इसी बीच खबर है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे एक अहम बैठक की अध्यक्षता करने जा रहे हैं।

असम में ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के 3 की मौत

गुवाहाटी (आरएनएस)। असम के नगांव जिले में रविवार को तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि ट्रेन, जो गुवाहाटी से सिलघाट की ओर जा रही थी, ने एक मारुति स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी, जिसमें कार मालिक चंद्र कुमार कलिता, उनकी पत्नी नीलिमा कलिता और उनका बेटा सुनय यात्रा कर रहे थे, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों के शवों को बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

पूर्व सीएम एनटीआर की बेटी उमा माहेश्वरी की रहस्यमय मौत, लटकता मिला शव

हैदराबाद (आरएनएस)। तेलुगु देशम पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव के बेटी उमा माहेश्वरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हैदराबाद में उनके मकान में ही उनका शव पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर स्थानीय सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ महीनों से वह बीमार रहती थीं और उनका इलाज चल रहा था। जानेमाने अभिनेता और राजनेता रहे एनटीआर की चार बेटियां थीं। उनमें उमा माहेश्वरी सबसे छोटी थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता दग्गुबाती पुरंदेश्वरी और टीडीपी प्रेसिडेंट एन चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी उनकी बहन हैं। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक उमा माहेश्वरी के भाई एन बालाकृष्णन और अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दे दी गई है। वे विदेश में रहते हैं।

अचानक एसी में हुआ विस्फोट, कमरे में सो रहा युवक पूरा जल गया

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश और दुनिया में गर्मी से निजात पाने के लिए लोग खूब एसी खरीद रहे हैं लेकिन कई बार यह उनकी जान के लिए खतरा पैदा हो जाता है। ऐसा ही एक दुर्भाग्यपूर्ण मामला तमिलनाडु के चेन्नई से सामने आया है जहां रात में एसी यानि कि एयरकंडीशनर में अचानक विस्फोट हुआ और कमरे में मौजूद शख्स की मौत हो गई। घटना के बाद युवक का जला हुआ शव बरामद हुआ। दरअसल, यह घटना तमिलनाडु स्थित चेन्नई के थिरुवीका नगर की है। यह घटना रविवार रात की है जब एक एयरकंडीशनर में विस्फोट होने के चलते 28 वर्षीय शख्स की मौत हो गई। यह तब हुआ जब वह शख्स आपने रूम में सोया हुआ था और ठीक उसी समय जबरदस्त धमाका हुआ। यह धमाका ग्राउंड फ्लोर के एक कमरे में हुआ। धमाके की आवाज सुनकर पहली मंजिल पर मौजूद शख्स के पिता भागे भागे वहां पहुंचे तब तक कमरे में आग लग चुकी थी।

पिकअप में लगा डीजे बना काल, वैन में करंट उतरने से 10 कांवड़ियों की मौत

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में कांवडिय़ों को ले जा रही एक पिकअप वैन में करंट लगने से 10 कांवडिय़ों की मौत हो गई। वहीं, कई कांवड़िए गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना के तुरंत बाद कांवडिय़ों को अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस का कहना है कि गाड़ी में लगे डीजे सिस्टम के जेनेरेटर की वायरिंग की वजह से करेंट उतरा होगा। एएसपी अमित वर्मा ने बताया, 'मेखलीगंज पीएस के तहत धरला ब्रिज पर एक घटना हुई, जहां पिकअप वैन बिजली की चपेट में आ गई। सभी यात्री जलपेश जा रहे थे। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह हादसा जनरेटर (डीजे सिस्टम) की वायरिंग के कारण हो सकता है, जो गाड़ी के पिछले हिस्से में लगाया गया था।'

घायल यात्रियों को सबसे पहले चंग्रबंध बीपीएचसी लाया गया। यहां मेडिकल ऑफिसर ने 27 में से 16 लोगों को बेहतर इलाज के लिए जलपाईगुड़ी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर ने 10 लोगों को मृत घोषित कर दिया। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन उनकी जांच की जरूरत है।'

एएसपी वर्मा ने बताया कि सभी यात्री सीतलकुची थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनके परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा, 'गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। ड्राइवर भाग गया है। मौके पर सीनियर अधिकारी मौजूद हैं। पुलिस टीम भी राहत और किसी भी आवश्यक सहायता के लिए तैनात है।'

केरल में मंकीपॉक्स के फैलने का खतरा, संक्रमित व्यक्ति की मौत के बाद 20 लोग क्वारंटाइन

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल के त्रिसूर में मंकीपॉक्स का संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। मंकीपॉक्स से संक्रमित व्यक्ति की मौत के बाद 20 लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पीड़ित व्यक्ति 10 लोगों से सीधे संपर्क में आया था, जिसमें उसके परिवार वाले और दोस्त शामिल हैं।

शिक्षा और स्वास्थ्य स्थायी समिति की सदस्य रेंजिनी ने कहा, हालात नियंत्रण में है। यहां किसी तरह की घबराहट नहीं है। पीड़ित व्यक्ति 10 लोगों के सीधे संपर्क में आया था, जिसमें उसके परिवार वाले और दोस्त शामिल हैं। अब तक 20 लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। त्रिसूर में पुन्नयूर गांव के पंचायत मेंबर्स ने भी मीटिंग की, जहां मौजूदा स्थित पर चर्चा की गई।

30 जुलाई को हुई थी संक्रमित व्यक्ति की मौत

मालूम हो कि 30 जुलाई को जिस 22 वर्षीय युवक की मौत हुई थी, सोमवार को उसके सैंपल्स में मंकीपॉक्स का संक्रमण होने की पुष्टि हुई है। युवक हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा था। वहां भी उसके मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। यूएई में 19 जुलाई को उसके सैंपल लिए गए थे और 21 जुलाई को वह भारत लौटा था। इसके बाद 27 जुलाई को उसे त्रिशूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जांच के लिए एनआईवी भेजा गया था सैंपल

युवक के नमूनों को जांच के लिए पुणे में स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) भेजा गया था। सूत्रों ने कहा कि सोमवार को उसके सैंपल्स में संक्रमण मिलने की पुष्टि हुई। मृतक के रिश्तेदारों के अनुसार, उन्हें 30 जुलाई को बताया गया कि यूएई में लिए गए उसके सैंपल्स में भी संक्रमण मिलने की पुष्टि हुई थी। 30 जुलाई को ही युवक की मौत हो गई थी।

लोकसभा में गतिरोध समाप्त, कांग्रेस के चार सांसदों का निलंबन खत्म, सदन में महंगाई पर चर्चा शुरू

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में सांसदों के निलंबन से पैदा हुआ गतिरोध खत्म हो गया है। सोमवार को लोकसभा में सांसदों के निलंबन को हटाने का प्रस्ताव पारित हुआ और इसके साथ ही निलंबित सांसदों का निलंबन निरस्त किया गया। इसी के साथ संसद में केंद्र और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध खत्म हो गया। अब सदन में महंगाई पर चर्चा भी शुरू हो गई है।

दरअसल, संसद के मॉनसून सत्र में महंगाई, जीएसटी जैसे मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा हो रहा है। विपक्ष लगातार इन मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही है। जुलाई के आखिरी में संसद में प्लेकॉर्ड दिखाने के चलते कांग्रेस के चार सांसदों को लोकसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। जिन चार सांसदों को निलंबित किया गया था, वे मनिकम टैगोर, टीएन प्रतापन, जोथिमणि और राम्या हरिदास हैं।

सरकार ने संसद में जारी गतिरोध के बीच सोमवार को कहा कि महंगाई के मुद्दे पर दोनों सदनों में मंगलवार को चर्चा कराई जाएगी। सरकार की ओर से कहा गया कि इस मुद्दे पर लोकसभा में आज भी चर्चा हो सकती थी लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण ऐसा नहीं हो सका। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने दोनों सदनों की कार्यवाही दूसरी बार स्थगित किए जाने के बाद संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सरकार महंगाई पर चर्चा कराने के लिए शुरू से तैयार है लेकिन विपक्ष ने बिना कारण हंगामा किया। जोशी के साथ राज्य सभा में सदन के नेता और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी थे।

लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने पूर्वाह्न कार्यवाही शुरू होते ही झारखंड और गुजरात के घटनाओं का उल्लेख कर हंगामा शुरू कर दिया। गोयल ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को कोविड संक्रमण हो गया था। उनके स्वस्थ होकर आने के बाद महंगाई के मुद्दे पर सरकार बातचीत के लिए तैयार थी, लेकिन विपक्ष सदन चलने नहीं दे रहा था। इससे पहले लोकसभा और राज्य सभा में विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर हंगामे और नारेबाजी के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और उसके बाद दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

राज्यसभा में गोयल ने कहा कि महंगाई पर चर्चा कराने के लिए विपक्ष के साथ सहमति बन गई है। लोकसभा में आज और राज्य सभा में कल इस पर चर्चा होगी, लेकिन विपक्षी दल शोरगुल कर रहे हैं और वे चर्चा नहीं चाहते हैं। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि देश में कई घटनाएं हो रही हैं, इनमें झारखंड और गुजरात की घटनाएं प्रमुख हैं। सदस्यों ने इन पर चर्चा कराने के लिए नोटिस दिए हैं। सरकार ने इन नोटिस का उल्लेख भी नहीं किया है।

गौरतलब है कि झारखंड के तीन विधायकों को कोलकाता पुलिस ने भारी नगदी के साथ गिरफ्तार किया है। गुजरात में जहरीली शराब से हुई मौतों पर विपक्षीय सदस्य चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं। जोशी और गोयल ने कहा कि सरकार किसी मुद्दे पर चर्चा से पीछे नहीं हटती और व्यवस्थित ढंग से कोई भी मुद्दा चर्चा के लिए लिया जा सकता है।

रेलवे ट्रैक क्रॉस करते वक्त ट्रेन की चपेट में आई छात्रा की हुई मौत

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक के हसन जिले में रेलवे लाइन क्रॉस करते वक्त एक स्टूडेंट की मौत हो गई। बताया गया कि उसका पैर फिसल गया और तब तक ट्रेन आ गई। अब स्टूडेंट रेलवे अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मरने वाली छात्रा की पहचान प्रीति पुत्तास्वामी के रूप में हुई है। वह गवर्नमेंट फर्स्ट ग्रेड कॉलेज में बी.कॉम फाइनल इयर की छात्रा थी।

दुर्घटना तब हुई जब पुत्तास्वामी के पिता उसे छोडऩे आए थे। रेलवे ट्रैक के दूसरी तरफ से उसे ऑटो पकडऩा था इसलिए वह ट्रैक क्रॉस करने लगी। इतने में ही तेजी से आती हुई ट्रेन ने उसे टक्कर मार दिया। स्टूडेंट्स ने हसन-मैसूर हाइवे को ब्लॉक कर दिया। उनकी मांग है कि इस जगह पर फुटओवर ब्रिज बनना चाहिए। छात्रों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया।

यहां के रहने वाले लोगों का कहना है कि लोगों को बाजार और कॉलेज, स्कूल जाने के लिए पैदल रेलवे ट्रैक को पार करना पड़ता है। वहां कोई अंडर ब्रिज या फिर फुटओवर नहीं है। ऐसे में दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पहले भी ऐसी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। वहीं यहां रहने वालों को ट्रैक क्रॉस करने से मना किया गया है। कॉलेज और मार्केट जाने के लिए लोग छोटे रास्ते को अपनाते हैं और रेलवे ट्रैक क्रॉस करके चले जाते हैं।

कांकेर की वैष्णवी जैन बनी मिस छत्तीसगढ़

कांकेर (आरएनएस)। पंडरी स्थित होटल में फैशन फ्रिंजी सीजन 2 का स्टेट लेबल फिनाले रखा गया। मिस,मिसेज और मिस्टर छत्तीसगढ़ के टाइटल के लिए राज्य के कई जिलों से चुने गए 50 फाइनलिस्ट ने यहाँ परफॉर्मेंस दी। मिस छत्तीसगढ़ का खिताब वैष्णवी जैन ने जीता। सभी विनर सितंबर में होने वाले नेशनल लेवल कॉन्टेस्ट में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। नेशनल विनर बनने पर दिसबंर में दुबई में होने वाले इंटरनेशनल कॉन्टेस्ट में शामिल होने का मौका मिलेगा। सनराइस यूथ मंडल एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रखे गए कार्यक्रम में मिसेज एशिया 2021 की विनर शिखा साहू, इंडिया सुपर मॉडल की सोनिका रे, एक्टर बंटी चंद्राकर बतौर जज मौजूद रहे।

20 साल की वैष्णवी जैन पिता विष्णु जैन कांकेर सिंगारभाट की रहने वाली हैं जो बीएससी फाइनल ईयर की स्टूडेंट हैं। उन्होंने बताया, की घर मे ही पिछले दो महीने से पेंसिल हिल पहनकर रैंपवॉक की प्रैक्टिस कर रही थी। मेरा चेहरा ऐसा है कि हर कोई यही पूछता हैं कि मणिपुरी हो क्या? फेस कट और लुक को ध्यान में रखकर मैंने शो के ट्रेडिशनल राऊंड में मणिपुरी दुल्हन जैसी ड्रेस पहनी। अपनी स्ट्रेटजी में कामयाब भी रही। मैंने पोटलाई, फानेकी, इनाफी भी पहना। इनाफि शॉल जैसा कपड़ा होता हैं, जिसे ऊपर में लपेटते हैं। पोटलाई स्कर्ट की तरह होता हैं। ये बेलन के आकार का होता हैं। फानेकी साड़ी की तरह होती हैं। मिस छत्तीसगढ़ बनने पर सभी परिचित और मेरे गुरुजनों ने बधाई दिया।

भंडारपदर मुठभेड़ में डीव्हीसी सदस्य नक्सली कमांडर ढेर

सुकमा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन के अभियान के तहत सीआरपीएफ कैम्प कोत्ताचेरू से डीआरजी का बल नक्सली उपस्थिति की सूचना पर थाना भेजी क्षेत्र ग्राम भंडारपदर, पांताभेजी,कनराजू गुट्टा की ओर रवाना हुए थे, आज प्रात: 07:30 बजे लगभग एक से डेढ़ घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद नक्सली भाग खड़े हुए। घटना स्थल की सर्चिंग करने पर घटना स्थल पर 01 पुरूष नक्सली कमांडर हड़मा उर्फ सनकु निवासी रेगडगट्टा का शव एवं 01 नग 7.65 एमएम पिस्टल, 02 नग भरमार बंदुक एसएलआर का 10 जिंदा राउण्ड, डेटोनेटर, वायर, पि_ू, 7.65 एमएम 03 खाली खोका, सहित अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया।

मुठभेड़ स्थल पर जगह-जगह पर खून के धब्बे एवं घसीटने के निशान दिखाई दिये, जिससे प्रतीत होता है कि मुठभेड़ में अन्य नक्सलियों को भी गोली लगी है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान हड़मा उर्फ सनकु निवासी रेगडगट्टा थाना भेजी क्षेत्र के रूप में हुआ हैं, जोकि प्रतिबंधित सीपीआई नक्सली संगठन में वर्तमान में माड़ डिवीजन में डीव्हीसीएम के पद पर कार्यरत था। मृतक नक्सली हड़मा उर्फ सनकु संगठन के कार्य से विगत कुछ दिनों से दक्षिण बस्तर डिवीजन आकर कोंटा/किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ एरिया में भ्रमण कर रहा था। मुठभेड़ में मारा गया नक्सली हड़मा उर्फ सनकु वर्ष 2003-04 में नक्सली संगठन में भर्ती होकर वर्ष 2006 तक डीव्हीसीएम विजय के साथ कार्य किया, वर्ष 2007-2009 तक नकसलियों के कंपनी नंबर 03 में एसीएम के पद पर कार्यरत् रहा। वर्ष 2009-2015 तक दक्षिण बस्तर बटालियन नं. 01 में प्लाटून 01 का कमांडर + कंपनी 01 का डिप्टी कमांडर पद पर कार्यरत् रहा। वर्ष 2016 में पूर्व बस्तर डिवीजन (जिला कोंडागांव) कंपनी नं. 06 कमांडर पद पर कार्यरत रहा। वर्ष 2016 से अब तक माड़ डिवीजन में डीव्हीसीएम के पद पर सक्रिय रूप से कार्यरत था। नारायणपुर जिले में 14 वारदातों एवं सुकमा जिले में 11 बडे वारदातों में शामिल रहा है।